सं. ई-14018/1/2020/हिन्दी/डीजीएचएस/...984...

भारत सरकार
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
(हिंदी अनुभाग)

निर्माण भवन, नई दिल्ली

दिनांक: ..09../09/2021

कार्यालय ज्ञापन

विषय: स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में हिन्दी दिवस-2021 के अवसर पर महानिदेशक महोदय का संदेश।

संविधान सभा ने 14 सितम्बर, 1949 को हिन्दी को राजभाषा का दर्जा प्रदान किया और इसी पावन दिवस की स्मृति में प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर महानिदेशक महोदय ने महानिदेशालय के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित एक अपील जारी की है जो इस ज्ञापन के साथ संलग्न है।

2. हिन्दी दिवस-2021 के अवसर पर राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय ने भी राजभाषा प्रतिज्ञा जारी करते हुए भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव/अध्यक्षों से अनुरोध किया है कि 14 सितम्बर, 2021 को सभी अधिकारी/कर्मचारी राजभाषा प्रतिज्ञा लें ताकि हम संविधान द्वारा दिए गए कर्त्तव्यों का निर्वहन कर सकें। राजभाषा प्रतिज्ञा की प्रति संलग्न है।

3. अत:, उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के सभी अनुभाग/प्रभाग/एकक तथा अधीनस्थ सभी कार्यालयों के प्रमुखों/प्रभारी अधिकारियों से निवेदन है कि 14 सितम्बर, 2021 को हिन्दी दिवस के सुअवसर पर अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को महानिदेशक महोदय द्वारा जारी अपील पढ़ कर सुनाएं और सभी को राजभाषा प्रतिज्ञा दिलाएं तथा नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(लक्ष्मी गर्ग)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

सेवा में,

1. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के सभी अधिकारीगण (इमेल द्वारा)।
2. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के सभी अनुभाग/प्रकोष्ठ के अनुभाग अधिकारी/प्रभारी अधिकारी।
3. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के सभी अधीनस्थ कार्यालय (इमेल द्वारा)।

प्रतिलिपि:

(i) स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव को सूचनार्थ।
(ii) प्रभारी, आईटी प्रकोष्ठ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया इस परिपत्र को महानिदेशालय की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड कर दें।
(iii) नोटिस बोर्ड।

प्रो.(डॉ.) सुनील कुमार
एम.बी.बी.एस एवं एम.एस. (एम्स)
PROF. (Dr.) SUNIL KUMAR
MBBS & MS (AIIMS)
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक
DIRECTOR GENERAL OF HEALTH SERVICES

सत्यमेव जयते

भारत सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय
Government of India
Ministry of Health & Family Welfare
Directorate General of Health Services

प्रिय साथियों,

हिंदी दिवस के सुअवसर पर स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय और इसके सभी अधीनस्थ कार्यालयों के कार्मिकों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

हिंदी दिवस हर साल राजभाषा हिंदी के महत्व के बारे में लोगों को जागरुक करने के लिए हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह न केवल हमारा संवैधानिक कर्तव्य है, अपितु यह देश की प्रतिष्ठा और स्वाभिमान के लिए भी आवश्यक है कि देश का सरकारी कामकाज उसकी राजभाषा में संपन्न किया जाए। सरकार ने हाल ही में '12 प्र', अर्थात ***प्रेरणा, प्रोत्साहन, प्रेम, प्राइज़, प्रशिक्षण, प्रयोग, प्रचार, प्रसार, प्रबंधन, प्रमोशन, प्रतिबद्धता और प्रयास*** द्वारा सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग और विकास की गति को तीव्र करने की रणनीति बनाई है। अतः, हम सब का यह दायित्व है कि हम इसका अनुसरण करते हुए पूरी निष्ठा से अपना सरकारी कार्य हिंदी में करें।

हिंदी हमारी राजभाषा है और इसके प्रयोग से हम सरकार के अनुदेश और दिशा-निर्देश तथा अपने विचार सरलता से आम जनता तक पहुँचा सकते हैं। भले ही व्यक्तिगत तौर पर हमारी मातृभाषा कोई भी हो या हमें अन्य भाषाओं का ज्ञान हो, परंतु शासकीय प्रयोजनों के लिए राजभाषा हिंदी का प्रयोग करने में हमें कोई झिझक नहीं होनी चाहिए। यूनीकोड हिंदी फॉन्ट के आने से और फोनेटिक टंकण द्वारा अब कंप्यूटर पर हिंदी में कार्य करना और भी सरल हो गया है।

कोरोना वैश्विक महामारी के इस विषम दौर में जिस प्रकार स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय अपने कर्तव्यों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए एक अहम और अग्रणी भूमिका निभा रहा है, उसी प्रकार मैं चाहूँगा कि महानिदेशालय और इसके अधीनस्थ कार्यालयों के सभी अधिकारी और कर्मचारी राजभाषा हिंदी में सरकारी कामकाज करने में गौरवान्वित महसूस करें। आइये, आज हिन्दी दिवस पर हम सब यह संकल्प लें कि हम पूर्ण जोश और उत्साह के साथ अपना सरकारी कामकाज हिंदी में करेंगे।

जय हिंद!

(डॉ. सुनील कुमार)

नई दिल्ली
14 सितम्बर, 2021

Room No. 446-A, Nirman Bhawan, New Delhi-110108
Tel.: 011-23061063, 23061438 Fax: 011-23061924 Email: dghs@nic.in

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
(सदैव ऊर्जावान ; निरंतर प्रयासरत)

राजभाषा प्रतिज्ञा

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343 और 351 तथा राजभाषा संकल्प 1968 के आलोक में हम, केंद्र सरकार के कार्मिक यह प्रतिज्ञा करते हैं कि अपने उदाहरणमय नेतृत्व और निरंतर निगरानी से; अपनी प्रतिबद्धता और प्रयासों से; प्रशिक्षण और प्राइज़ से अपने साथियों में राजभाषा प्रेम की ज्योति जलाये रखेंगे, उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित करेंगे; अपने अधीनस्थ के हितों का ध्यान रखते हुए; अपने प्रबंधन को और अधिक कुशल और प्रभावशाली बनाते हुए राजभाषा- हिंदी का प्रयोग, प्रचार और प्रसार बढ़ाएंगे| हम राजभाषा के संवर्द्धन के प्रति सदैव ऊर्जावान और निरंतर प्रयासरत रहेंगे|

जय राजभाषा ! जय हिंद !

--